भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 15
उत्तर देने की तारीख 29नवंबर, 2021
सोमवार, 08 अग्रहायण,1943 (शक)

राष्ट्रीय कौशल विकास नीति

15 श्री दयाकर पसुनूरी: श्रीमती कविता मलोथू:
डॉ. जी. रणजीत रेड्डी: डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता नीति का पुनरुद्धार करने की प्रक्रिया में है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है तथा क्या प्रस्तावित पुनरुद्धार वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादकता में वृद्धि करेगा?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की संचालन समिति ने 29 जून, 2021 को अपनी दूसरी बैठक में राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता नीति की समीक्षा का प्रस्ताव रखा है। वैश्विक मानकों के साथ संरेखण कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की नीतियों और दिशा-निर्देशों का हमेशा भाग रहा है। सभी एनएसक्यूएफ अर्हता पैकों और पाठ्यचर्या में जहां कही भी आवश्यक हो, वैश्विक मानकों के संदर्भ होते हैं।

****